K15U 0304

GOVT. BRENNEN COLLEGE CENTRAL LIBRARY THALASSERY

Reg. No. : ....

Name : ....

III Semester B.A. Degree (CCSS – Supple./Imp.) Examination, November 2015
CORE COURSE IN HINDI
3B04 – HIN : Drama
(2011-13 Admissions)

Time : 3 Hours Max. Weightage : 30

निर्देश : निम्नलिखित अवतरणों को पढ़कर उनके नीचे दिए गए प्रश्नों के उत्तर लिखिए : **(Wt. 1)**

1. मैं इस घर से ही अपने अंदर कुछ ऐसी चीज़ लेकर गई हूँ जो किसी भी स्थिति में मुझे स्वाभाविक नहीं रहने देतीं।

 क) यह किस नाटक का अंश है ?

 ख) यह किसका कथन है ?

 ग) वह किससे बात करती है ?

 घ) कौन उसके ऊपर ऐसा आरोप करता है ?

2. बाई, रास्ता बहुत खतरनाक है। यहीं पर एक आदमी को कच्च से मार डाला था। बेचारा तडप-तडप कर मर गया। **(Wt. 1)**

 क) यह किस नाटक का अंश है ?

 ख) रास्ता क्यों खतरनाक है ?

 ग) आदमी की मृत्यु किस प्रकार हुई ?

 घ) प्रस्तुत कथन किसका है ?

निर्देश : निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर **एक** वाक्य या वाक्यांश में लिखिए : **(Wt. 1)**

3. क) छोटी लडकी का नाम क्या है ?
   ख) मनोज की पत्नी कौन है ?
   ग) सावित्री का बोस कौन है ?
   घ) बिन्नी किसकी बहिन है ?

4. क) 'चरणदास चोर' कहाँ की लोक कथा पर आधारित नाटक है ? **(Wt. 1)**
   ख) मालगुज़ार के नौकर कौन है ?
   ग) चरणदास किस के सामने प्रण करता है ?
   घ) "मैं अभी गोदाम में चौकीदारी लगा देता हूँ, मेरे रहते आप फिक्र न करें।" यह किसका कथन है ?

निर्देश : किन्हीं **तीन** प्रश्नों के संक्षिप्त उत्तर लिखिए : **(Wt. 3×2=6)**

5. महेन्द्र नाथ घर छोडकर क्यों चला जाता है ?
6. "आधे अधूरे" नाटक की अभिनेयता पर प्रकाश डालिए।
7. अशोक की चारित्रिक विशेषतायें व्यक्त कीजिए।
8. आधे अधूरे नाटक के नामकरण पर विचार कीजिए।
9. 'आधे अधूरे' नाटक का उद्देश्य क्या है ?

निर्देश : किन्हीं **दो** प्रश्नों के संक्षिप्त उत्तर लिखिए : **(Wt. 2×2=4)**

10. चरणदास और किसान मालगुज़र के पास क्यों जाते हैं ?
11. रानी, साधु महाराज को पाँच मोहर देने के लिए क्यों तैयार होती है ?
12. चरणदास की मृत्यु किस प्रकार होती है ?

निर्देश : किन्हीं **दो** अवतरणों की सप्रसंग व्याख्या कीजिए : **(Wt. 2×2=4)**

13. आज महेंद्र एक कुढ़नेवाला आदमी है। पर एक वक्त था जब वह सचमुच हँसता था। अंदर से हँसता था।
14. मैं ने आपसे कहा है न बस-सब के सब एक से हैं। बिल्कुल एक से हैं आप लोग ! अलग-अलग मुखौटे पर चेहरा ? चेहरा सबका एक ही ! .....
15. मेरे पास अब बहुत साल नहीं है जीने को। पर जितने हैं, उन्हें मैं इसी तरह और निभाते हुए नहीं काटूँगी। मेरे करने से जो कुछ हो सकता था इस घर का, हो चुका आज तक।

निर्देश : किन्हीं **दो** अवतरणों की सप्रसंग व्याख्या कीजिए : **(Wt. 2×2=4)**

16. जो चोरी करता है वह चोर होता है और उसका नाम भी चोर होता है।
17. अरे इन्सान को चेला बनाता हूँ। कुत्ते-बिल्लियों को चेला नहीं बनाता।
18. मैंने सुना रखा था बेटा - कि आदमी जब सोता है और उसे नींद लग जाती है तब वह सपना देखता है। अरे बेटा तू तो जागते हुए बैठे-बैठे सपना देखता है रे।

निर्देश : निम्नलिखित प्रश्नों में से किसी **एक** का उत्तर लिखिए। **(Wt. 1×4=4)**

19. सावित्री का चरित्र-चित्रण कीजिए।
20. आधे-अधूरे नाटक में अभिव्यक्त समस्याओं का विस्तृत परिचय दीजिए।

निर्देश : निम्नलिखित प्रश्नों में से किसी **एक** प्रश्न का उत्तर लिखिए : **(Wt. 1×4=4)**

21. नाटक के तत्त्वों के आधार पर 'चरणदास चोर' नाटक की समीक्षा कीजिए।
22. चरणदास चोर कौन-कौन से प्रण लेते हैं ? उसका क्या नतीजा हुआ ?